सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

भाद्र 26, बुधवार, *शाके* 1947- सितम्बर 17, 2025
Bhadra 26, Wednesday, Saka 1947- September 17, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/13521 :-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर अजमेर द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका सरवाड हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर पालिका सरवाड का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>

वार्ड	वार्डो के सीमांकन का विवरण	जनसंख्या
1	फतेहगढ़ रोड़ डी.एन.जी. स्कूल एवं उसके सामने से फतेहगढ चौराहा होते हुए डाई नदी के उत्तरी हिस्सा से मार्शल स्कूल, कीरों का झोंपड़ा, खारिया मोड़ से बांगड़ पेट्रोल पम्प से होते हुए डाई नदी के दक्षिणी हिस्सा से होते हुए सीधा नवीनजी सोनी की गली को लेते हुए धारासिंह जी गवारिया के मकान तक।	834
2	धारासिंह जी गवारिया के मकान से लिंक रोड़ दोनों तरफ लेते हुए पुराना एस.बी.आई. बैंक होते हुए घीसाजी की चक्की से दोनों ओर लेते हुए माना रोड़ तक एवं स्वरूप नगर कॉलोनी, मोहन नगर कॉलोनी सहित।	819
3	बीरम जी रेगर के मकान से हरिजन बस्ती सम्पूर्ण व भैरूजी तेली के मकान से होते हुए लीलगरों की मस्जिद तक दोनों तरफ व महावीर जी हरिजन के मकान से होते हुए बांगड़ों का चौक, पुराना माहेश्वरी भवन, सराय मौहल्ला, मदनजी मेवाड़ा के मकान से किशन जी चौधरी, राधेश्यामजी मेवाड़ा तक व नाथूजी चक्की वाले से होते हुए सम्पूर्ण कुम्हार मौहल्ला व शंकरजी माली के	896

	मकान तक व नाथूलालजी प्रजापत के मकान से होते हुए खटीक मौहल्ला, राजपूत रावला मौहल्ला व नन्दाजी की गली होते हुए सीतारामजी रेगर व महेन्द्रजी रेगर के मकान तक।	
4	माणक चौक, कानूनगो मौहल्ला, सरदारसिंहजी दरोगा के मकान से अस्तल वाली गली लेते हुए भूरजी खटमलिया के मकान से गौतम भवन होते हुए अस्तल ग्यारसीलालजी के मकान से हनुमानजी माली की गली से बाबूलालजी भाट का मकान होते हुए रामस्वरूपजी कुम्हार के मकान से बालजी पटेल के मकान से खीरियां गेट, बिरदीचन्दजी लुहार के मकान तक, प्रहलादजी चांपा के मकान से रामनिवासजी कुम्हार के मकान से होते हुए कन्या स्कूल व चांदजी माली के मकान से नाथूजी माली के मकान की गली को लेते हुए ग्यारसीलालजी ढूंढाडा के मकान से रामधनजी माली के मकान को लेते हुए दयालजी सतवास्या के मकान तक।	927
5	मोहनजी पटेल के मकान से दोनों ओर के मकानों को लेते हुए भैरूजी के मंदिर तक का सम्पूर्ण क्षेत्र, जेवरियों का सम्पूर्ण बास व नोरतजी ढूंढाडा, मांगीलालजी ढूंढाडा के मकान से नोरतजी माली, नाथूजी सिसवालिया के मकान से गफ्फारजी भट्टा वाले के मकान से अब्दुल्ला के मकान से सत्यनारायणजी चांपा के मकान से मिठूलालजी के मकान से खीरियां गेट तक।	930
6	रूपचन्दजी माली के मकान से रघुनाथजी मंदिर होते हुए दोनों गलियों को लेकर भागचन्दजी व कालूजी चांपा के मकान से होते हुए मोहनजी मेम्बर का मकान, बालजी ढूंढाडा का मकान, दीपूजी सेन, आनन्दजी माली के मकान से होते हुए खीरियां दरवाजा तक एवं बिरदीचन्दजी लुहार के मकान से पवनजी पाराशर की दुकान तक।	926
7	पुराना टेलीफोन एक्सचेंज से चौधरी मौहल्ला कुंआ से सम्पूर्ण चौधरी मौहल्ला से होते हुए माफीबाईजी ब्रह्मपुरी में विट्ठलजी वेद का मकान, सिलावट मौहल्ला, नद्दाफ, अब्दुलजी वहाब के मकान से मस्जिद घूमकर कयूमजी लखारा के मकान से घूमकर रसीदजी सिलावट का मकान हाजी जहांगीरजी का मकान से गोविन्दजी वल्लभ का मकान से बालाजी मण्डी से मांगीलालजी भट्ट का मकान से घूमकर ब्रह्मपुरी, सुनारों के मंदिर से जगदीश जी माली, रामदेवजी माली ठेकेदार से मोहनसिंहजी जैसावत से बजरंगजी नाई बरनेला से आर्य समाज दरवाजा तक।	755
8	लच्छूजी गहलोत की दुकान से भणभूजा की गली दोनों तरफ को मिलाते हुए फरीद पिनारा के मकान से सत्यनारायणजी मंदिर की तरफ पोरवाल मौहल्ला होते हुए राजेश जी चौधरी के मकान के सामने से चम्पालालजी सुनार के मकान से सीधा सत्यनारायणजी के मंदिर होते हुए भैरूजी के मंदिर के सामने की गली होते हुए मालानी मौहल्ला व नारायणजी झंवर के मकान से होते हुए सत्यनारायणजी मालानी, माहेश्वरी भवन संख्या 02 व हर्षजी मालानी	749

	से नारायणजी सोनी के मकान से केशव विद्यालय की गली तक दोनों तरफ मिलाते हुए राजूजी अग्रवाल के मकान तक।	
9	प्रहलादजी माली की गली से प्राज्ञ भवन, सूरजजी मेहता की गली से आलमजी के मकान, लक्ष्मीनारायणजी मंदिर व पोखरणाजी के मकान से बड़ा मंदिर होते हुए भैरूजी का मंदिर तक दोनों तरफ व रूस्तमजी नद्दाफ से शंकरजी सिंधी के मकान तक व मोदीयों का चौक, रावला मौहल्ला।	858
10	गणपतजी हाडा के मकान से सूरजजी माली, लुहारों के मकान होते हुए रामलालजी गुर्जर के मकान से रामकिशनजी पुरोहित का मकान, गुजरातियों का मकान, कयूमजी मास्टर का मकान से अब्दुलजी रहमान के मकान तक, खातीदड़ा पूरा, एस.कुमार जी का चौक।	798
11	भगवानजी भट्ट के मकान के पीछे से जब्बारजी हरसोरी के मकान को लेते हुए दोनों तरफ के मकानों को लेते हुए छोटा मौहल्ला, खैराड़ों की मौहल्ला की मस्जिद, अज्जी के मकान को लेते हुए इशाकजी मुल्ला के मकान को लेते हुए दोनों तरफ के मकानों को लेते हुए बड़ा मौहल्ला की मस्जिद को लेते हुए कालू पीर बाबा की मजार के दोनों तरफ लेते हुए मदरसा से बाला बेरी के दोनों तरफ की गलियों को लेते हुए बाबू ठेकेदार के मकान को लेते हुए बुन्दू बिजली वाले के मकान को लेते हुए पुनः जलीलजी ठेकेदार के मकान व आसपास की गलियों को लेते हुए रज्जाकजी मौलाना के मकान तक।	695
12	पप्पूजी आसाम के मकान को लेते हुए दोनों तरफ के आमने-सामने के मकानों को लेते हुए कन्हैयालालजी माली के मकान को लेते हुए फूतराजी के मकान से रामस्वरूपजी नट, गुर्जर बस्ती, किले के गेट के सामने की दोनों तरफ की गली को मिलाते हुए पुराना अस्पताल से रमेशजी पारीक के मकान से देवजी की गली को दोनों तरफ से लेते हुए तथा कालूभाई कुम्हार के साथ खारोल गली पूरी व सांपला गेट तक।	923
13	रूपसिंहजी मेहता के मकान से दोनों तरफ की गलियों को लेते हुए देवीसिंहजी मेहता के मकान से ओझाजी के मकान को लेते हुए, बाबरों की गली में कक्कड़ निवास तक, प्रहलादजी माली की गली तक व महावीरजी रूणेजा के मकान से आचार्य मौहल्ला को लेते हुए शफीजी मोमिन के मकान को लेते हुए कुंवाडिया मौहल्ला को लेते हुए छीपा के मौहल्ले को लेते हुए जगदीशजी कुरतिया के मौहल्ला को लेते हुए रामस्वरूपजी वैष्णव व भंवरजी दरोगा से गोपालसिंह जी के मकान तक।	931
14	बालूजी खारोल के मकान से तेजूजी माली, आजाद नगर कॉलोनी, भगवानपुरा चौराहा तक, भील बस्ती, सांपला गेट का सम्पूर्ण क्षेत्र, रावण चौक में भीलों का सम्पूर्ण झोंपड़ा तक।	769
15	कक्कड़ भवन के नीचे से काजियों की मस्जिद होते हुए असलमजी के मकान तक ठठेरा चौक, इस्माईलजी मकान व उसके नीचे जाने वाली गली, पठानों की गली, दरगाह चौक, बोदरीमाता, शीतलामाता चौक को लेते हुए पुरानी	819

	तहसील के दोनों तरफ की गलियों को लेते हुए लादूजी सेवक के मकान को लेते हुए सलीमजी पठान के मकान व भिश्ती की गली, मजीदजी कुरैशी के मकान को लेते हुए परकोटा तक के मकानों तक।	
16	अशोकजी झंवर की फैक्ट्री के आगे से दोनों ओर को लेते हुए दादाबाड़ी एरिया संयम सागर कॉलोनी, अशोक विहार कॉलोनी से निकलते हुए आनन्दजी माली के मकान से गांधी उद्यान, दरगाह का रास्ता होते हुए गणेश प्रवेश द्वार तक व यात्रीकर नाका होते हुए सम्पूर्ण नागोला रोड़ दोनों तरफ को लेते हुए ज्ञानजी आचार्य के भट्टा तक।	866
17	सम्पूर्ण बोकड़ा मौहल्ला को लेते हुए ओमजी गढवाल की गली के दोनों ओर के मकान न्यू वीडियो के बाहर से फकीरजी मोहम्मद के मकान को लेते हुए वहीदजी तंवर के मकान तक के सम्पूर्ण क्षेत्र को लेते हुए नाथ मौहल्ला को लेते हुए परकोटा के पास की गली को सम्पूर्ण रूप से लेते हुए गोपाल बावड़ी के गेट तक।	905
18	सूरजजी मेहता के नीचे से कबूतरों की घाटी होते हुए गुर्रा की घाटी, पालडेचा व अशोकजी सोनी के मकान को लेते हुए ईदूजी पिनारा के मकान को लेते हुए चन्द्रप्रभु बाजार पूरा, झंवरों की गली, दुधड़िया बाजार, राजूजी सोनी के मकान तक व ओमप्रकाशजी फोटो वाले की गली, अजमेरा के नोहरे तक व पुनः जैन मौहल्ला से गुलाबजी आंचलिया के मकान तक, पदमजी मेहता की घाटी सम्पूर्ण से प्रेमजी नाई तक व आदिनाथ भवन की सम्पूर्ण गली।	817
19	घण्टाघर से सवाई कटला का सम्पूर्ण क्षेत्र से मिलन मंदिर सिनेमा से सुरेशजी घारू के मकान से हेमन्तजी हरवाणी के मकान से होते हुए गोपालजी जोगी के मकान से महेन्द्रजी कलवार के मकान से होते हुए लालचन्दजी सिन्धी के मकान से होते हुए सदर बाजार दोनों तरफ मदनलालजी गौड़ की गली में किशनगोपालजी पाण्डेता तक व जयरामजी सिन्धी की दुकान तक व राजकुमारजी अग्रवाल की दुकान से डोडियाजी की गली से पटवार घर तक, पुरानी रेगरों की हथाई, मदनजी रेगर के मकान से छोटूजी रेगर के मकान तक।	802
20	अशोकजी झंवर के मकान से रोड़वेज बस स्टेण्ड की ओर घूमकर हायर सैकण्डरी स्कूल मार्ग के दोनों तरफ के मकानों व सुखलालजी गहलोत की गली व पानी की टंकी के पीछे की कॉलोनी, इंडियन बैंक के पीछे आदर्श कॉलोनी व मदनलालजी मास्टर साहब के मकान के पीछे से सगसजी महाराज तक व सम्पूर्ण कोठा की तलाई, सम्पूर्ण गंवारियों की गली व राकेशजी पारीक के मकान व जयराम सिंधी के मकान व उसके सामने की कॉलोनी तक।	841
21	यात्रीकर नाका के सामने कृषि मण्डी रोड़, गणेश कॉलोनी, चौधरी कॉलोनी, गणेश कॉलोनी, रीको क्षेत्र छापरी रोड़ भीलों का झोंपडा तक।	695
22	हेमराजजी लुहार, खटीकों के मकान के आगे से सम्पूर्ण कंजर बस्ती संस्कृत	700

	स्कूल नीमड़ी वाले बाबा की मजार पाल के सहारे बस्ती को लेकर रामलालजी कम्पाउण्डर के मकान से घूमकर पुलिस थाना, विद्युत विभाग वन विभाग से घूमकर दूरभाष केन्द्र नगरपालिका जोधाणा गार्डन से होते हुए सम्पूर्ण जैन कॉलोनी लेकर टोलनाका से उत्तरी ओर रफीकजी हड्डी के मकान से माली रोड़ी के मकानों से सत्यनारायणजी पारीक के मकान तक, अजमेर-कोटा रोड़ अस्पताल तक दोनों ओर के मकान।	
23	डाक बंगला के सामने गुर्जर छात्रावास से जगदीशजी कुम्हार के मकान से हरदेवजी माली के कुएं तक पुनः सामने रेगर बस्ती, कुम्हारों की गली, कालूजी माली से माली बस्ती बालाजी के अंदर गुर्जर बस्ती भैरूजी मंदिर से होते हुए खटीक बस्ती होते हुए पुनः डाक बंगला के पीछे रामस्वरूपजी हाडा के मकान से सीनियर स्कूल पश्चिमी दरवाजे से घूमकर बदरूद्दीनजी अगवान के मकान से पेच तक व देवीजी खटीक का मकान होते हुए भाटोलाव रोड़ से छोटूजी खटीक का मकान से होते हुए भाटोलाव रोड़ रामचन्द्रजी माली के नोहरे तक कंजर बस्ती के पहले बने खटीकों के मकान तक।	712
24	शंकर कॉलोनी का बायां हिस्सा, राजदरबार कॉलोनी, मित्र निवास कॉलोनी, आदर्श नगर कॉलोनी, चमन चौराहा से अराबा माता रोड़ पर बालोरिया फार्म तक।	702
25	कृष्णा स्वीट्स से मदनजी रेगर के मकान तक एवं शंकर कॉलोनी का दायां भाग, पालरियाजी की सम्पूर्ण गली, के. एस. तृतीय कॉलोनी, वैशाली नगर कॉलोनी, तीकल्या भाटा सम्पूर्ण क्षेत्र से समेलिया रोड़ पर आगे तक।	703

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।